# होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबन्धन, मुख्यालय, मध्यप्रदेश

## परिपत्र–14

क्रमॉक 368 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनांक 31 मार्च, 2018

प्रत्येक माह की 01 तारीख को **'राष्ट्र गीत'** कार्यक्रम का आयोजन शासन के निर्देशानुसार किया जाता है। देखने में आया है कि कार्यक्रम आयोजन के संबंध में की जाने वाली ड्रिल तथा समन्वय सही नहीं होने के कारण, कार्यक्रम के आयोजन के स्तर में सुधार की आवश्यकता प्रतीत होती है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि कार्यक्रम का संचालन होमगार्ड मुख्यालय जबलपुर, समस्त डिवीजनल होमगार्ड कार्यालयों तथा समस्त डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कार्यालयों पर किया जाना सुनिश्चित किया जावे। कार्यक्रम के संचालन हेतु एक बिगुलर या संकेतक निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व बिगुल या संकेत द्वारा कार्यक्रम के आरंभन की सूचना देना सुनिश्चित करे, जिससे समस्त अधिकारी/कर्मचारी समय से 5 मिनट पूर्व कार्यक्रम में व्यवस्थित रूप से उपस्थित हो सकें। इसके साथ–साथ शासन द्वारा आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों जैसे– संकल्प दिवस, शपथ आदि कार्यक्रमों में भी इसी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जावे।

(महान भारत सागर) 31.3.18
महानिदेशक,
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश

पृ0 क्रमॉक 369 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनांक 31 मार्च, 2018

प्रतिलिपिः

1– एडीशनल डायरेक्टर जनरल, आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश भोपाल।
2– पुलिस महानिरीक्षक, होमगार्ड, म0प्र0 जबलपुर।
3– एडीशनल कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्ड म0प्र0 जबलपुर।
4– उप महानिरीक्षक, आपदा प्रबन्धन, भोपाल, मध्यप्रदेश ।
5– समस्त डिवीजनल कमाण्डेण्ट, होमगार्ड/ आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश ।
6– समस्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेण्ट, होमगार्ड/ आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

महानिदेशक, 31.3.18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश